## श्री गोपालजी मोहल्ला गणगौर बोलावणी आज

**ब्यावर, (निसं)।** गणगौर मेले के अंतर्गत श्री गोपालजी मोहल्ला गणगौर समिति द्वारा आयोजित गणगौर मेले की बोलावणी आज होगी। समिति अध्यक्ष शिवेंद्र जोशी व मिडिया प्रभारी नरेश शर्मा ने जानकारी देकर बताया कि गणगौर मेले का प्रमुख आकर्षण हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणगौर बोलावणी में हिंदुस्तान का सुप्रसिद्ध जिया-बैण्ड अपनी संगीतमय प्रस्तुति देगा। बोलावणी कार्यक्रम में ईशर-गणगौर सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के साथ शोभायात्रा निकलेगी जो गोपालजी मोहल्ला से शाम 7:30 बजे प्रारंभ होकर फतेहपुरिया चौपड, अजमेरी गेट बाहर सुभाष चौक पंहुचेगी जहां डिजिटल लाइटिंग आकर्षक सजावट के बीच जिया बेंड की मुख्य प्रस्तुति होगी। उसके पश्चात महादेवजी की छत्री पर ईशर-गणगौर के मंगल फेरे सम्पन्न होंगे। आज आठवें दिन श्री गोपाल जी मोहल्ला गणगौर मेला में सम्पूर्ण देवलोक उतरा जिसमें सर्व प्रथम ईसर-गणगौर की मुख्य प्रतिमा को श्रृंगारित किया।

# करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी की जीत की संभावना

**करौली (नि.स.)।** करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस की आमने-सामने की टक्कर मे भाजपा प्रत्यासी इन्दू देवी जाटव के स्थानीय और महिला होने एवं मोदी लहर के अलावा कांग्रेस के बाहरी प्रत्यासी होने का सीधा-सीधा लाभ मिलने के आसार बनने से भाजपा प्रत्यासी की जीत की संभावना बनी।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण मे करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र मे आज शुक्रवार को मतदान होगा। जिसमें लोकसभा क्षेत्र करौली धौलपुर के चुनाव मैदान मे खडे भाजपा प्रत्यासी इन्दूदेवी जाटव, कांग्रेस प्रत्यासी पूर्व मंत्री भजन लाल जाटव,बसपा प्रत्याषी विक्रम सिंह,निर्दलीय प्रत्याषी रामखिलाडी धोबी के भाग्य का फैसला मतदाता मतदान कर करेंगे।वैसे चारो प्रत्यासीयो मे भाजपा और कांग्रेस प्रत्यासी की ही आमने सामने की टक्कर मानी जा रही है। जिन दोनो प्रत्यासीयो के समर्थन मे गत दो सप्ताह से भाजपा और कांग्रेस के राज्यस्तरीय और केन्द्र स्तरीय नेताओ ने पूरी दमखम लगा दी है। भाजपा प्रत्यासी के समर्थन मे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शार्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा, गृहराज्यमंत्री जवाहरसिंह वेडम, खण्डार विधायक जितेन्द्र सिंह गोठवाल, करौली कि पूर्व विधायक रोहिणी देवी,संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय शहस्त्र बुद्धे,पूर्व प्रदेष अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी सहित राजस्थान के भाजपा के बडे नेताओ के अलावा देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र मे चुनावी दौरा कर चुके है और लगातार क्षेत्र की रिपोर्ट ले रहे है। केन्द्र और राज्य मे भाजपा की सरकार होने से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित उपमुख्यमंत्री एवं सरकार के मंत्रीयो की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है। उधर कांग्रेस प्रत्यासी पूर्व मंत्री भजन लाल के समर्थन मे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलेट के अलावा कांग्रेस के पूर्व मंत्री चुनावी दौरा कर चुके है। इनके अलावा करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पॉच वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक कांग्रेस प्रत्यासी के समर्थन मे लगातार मतदाताओ को रिझाने मे लगे हुए है। इतना होने के उपरान्त करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी इंदुदेवी जाटव की जीत होने की संभावना बनती देखी जा रही है। क्योकि भाजपा प्रत्यासी को करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र का स्थानीय होने एवं महिला प्रत्यासी होने एवं पूरे देष मे मोदी लहर चलने एवं कांग्रेस प्रत्यासी के बाहरी होने का भी भाजपा प्रत्यासी को जीत का लाभ मिलने की संभावना कि क्षेत्र मे पूरी चर्चा सुनी जा रही है। वैसे करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र मे आज प्रत्यासीयो कि हार जीत का फैसला मतदाता मतदान कर करेंगे। जिनके भाग्य का फैसला आज मतदान के बाद ईवीएम मषीन मे बंद हो जायेगा। जिसका फैसला 4 मई 2024 को मतगणना के बाद जनता के सामने आयेगा। लेकिन आज शुक्रवार को होने वाले मतदान से पूर्व क्षेत्र मे भाजपा के समर्थन मे अधिक मतदान होने कि चर्चा से भाजपा प्रत्यासी के जीत की संभावना है। हालाकि भाजपा और कांग्रेस प्रत्यासी के हार जीत की क्षेत्र मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओ से संवाददाताओ कि हुई चर्चा मे कांग्रेस प्रत्यासी के क्षेत्र मे कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को चुनाव प्रचार मे स्थान नही देने एव क्षेत्र मे जनसंपर्क नही करना सामने निकल कर आ रहा हैं। जिसका कांग्रेस प्रत्यासी को खामियाजा उठाने कि संभावना जताई जा रही है।

## समस्या समाधान नंबर दिया

**करौली (नि.स.)।** लोकसभा चुनाव में विधानसभावार सहायक रिटर्निग अधिकारी और तहसीलदार को चुनाव से संबंधित समस्या के समाधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आज मतदान दिवस पर सैक्टर ऑफिसर,एरिया मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और मतदान दल समस्या के समाधान के लिए इनसे संपर्क कर सकते है। उपखंड अधिकारी करौली से 8306408878, एसडीएम हिंडौन 9950287025, एसडीएम टोडाभीम व नादौती 7742287642, एसडीएम सपोटरा 9829600425 एवं एसडीएम मंडरायल 9649600154 पर संपर्क कर सकते है, इसी प्रकार तहसलीदार करौली 9799970802, 9410825475, हिंडौन तहसीलदार 6375839875,तहसीलदार टोडाभीम 7976205509, तहसीलदार नादौती 9414655182,तहसीलदार सूरौठ 8306884619, तहसीलदार सपोटरा, 9414626019 तहसीलदार मंडरायल 9414640689, तहसीलदार श्रीमहावीर जी 9829304677 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सार-समाचार

## ग्रीष्मकालीन जुताई अवश्य करें

**भरतपुर (निस)।** रबी फसल की कटाई के बाद खेत खाली होने पर गर्मी की जुताई करना लाभदायक है। फसल कटने के समय खेत में नमी रहती है, अतः फसल कटाई के तुरंत बाद खेत की जुताई करना आसान है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया की गर्मी की जुताई से जमीन में छिपे हानिकारक कीटों के अण्डे, लार्वा, गिडार तथा बीमारियों के बीजाणु गर्मियों की तेज धूप से नष्ट हो जाते हैं तथा अगली फसल में कीट एवं बीमारियों की संभावना कम हो जाती है। गहरी जुताई करने से मिटटी की उलट-पुलट होती है जिससे मृदा का वायु संचार बढ़ता है, इससे जमीन की जल अवशोषण क्षमता बढ़ती है। किसान सामान्यतः कल्टीवेटर से बार-बार एक ही गहराई पर जुताई करते हैं, जिससे कठोर परत बन जाती है। ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई से कठोर परत टूट जाती है, जिससे फसलों की जड़े गहराई तक जाने से उत्पादन बढ़ता है, अतः किसान ग्रीष्मकालीन जुताई अवश्य करें।

## आर्थिक सहायता व साडियां भेंट

**भरतपुर (निस)।** बवीता निवासी रूदावल की बेटी मनीषा की शादी में कोली समाज निर्धन सहायता समूह जिला भरतपुर द्वारा 21000 रूपये की आर्थिक सहायता व साडियां भेंट की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्रभान अध्यापक व कुमरपाल सरपंच द्वारा की गई। कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह कवई, तुलसीराम कोली, किशनलाल, शम्भूदयाल, रामभरोसी, जगदीश कबाडी, राजेश सरपंच, बनय सिंह कुम्हेर, छोटे लाल, उमेश महावर, ओ.पी. महावर, से.नि प्राचार्य कमलेश लखनपुर, किशोरीलाल शाक्य, दीपचंद, लखनलाल कुम्हेर, रोहित कुमार, रामकिशन, विक्रम सिंह शाक्य, भगवान सिंह टेलर, मोहन महावर एवं लालाराम आदि ने सहयोग देकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। कार्यक्रम का संचालन तुलसीराम कोली ने किया तथा आभार किशनलाल अध्यापक द्वारा व्यक्त किया गया।

## संजना जाटव ने संपर्क कर वोट मांगे

**भरतपुर (निस)।** लोकसभा चुनाव के अंतिम दिन कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव ने कठूमर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न गांव में जाकर डोर टू डोर संपर्क किया। कांग्रेस के जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कठूमर के अरुआ, मसारी, तसाई, हुल्याना, टीकरी, रेटा, वराडा, मनखेड़ा, तिथली, खेड़ारेटा, खेदलीरेल, बहरामपुर, दतिया, दारोदा, कनेती, चोखड़, सोखड़ी, समोची, कल्याणपुर सहित करीब ढाई दर्जन गांवों में व्यक्तिगत संपर्क किया। योगेश सिंघल ने बताया कि इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव ने विकास के नाम पर तथा क्षेत्र की बहु होने के नाते झोली फैला कर वोट मांगे। इस दौरान पंच पटेल, सरपंच तथा क्षेत्रिय प्रतिष्ठित लोग साथ रहे। इसके अलावा नगरपालिका खेड़ली में भी संजना जाटव ने संपर्क साधकर वोट मांगे।

## मतदान की अपील की

**करौली(नि.स.)।** लोकसभा चुनाव में जिले की मतदाताओं से मतदान दिवस पर मतदान की अपील जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना और पुलिस अधीक्षक बृजेश उपाध्याय ने की है। उन्होंने अपील को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित करते हुए बताया कि मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं के लिए छायादार बैठने की व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था, बुर्जगों और दिव्यांगो के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है तथा भयमुक्त मतदान के लिए सशस्त्र बल पोलिंग बूथ पर व्यवस्था की गई है।उन्होंने जिलवासियों से मतदान दिवस पर अपने मत का प्रयोग करने की बात रखते हुए बताया कि जिले का मतदान प्रतिशत कम है इसे बढाने के लिए प्रातः 7:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक अपने परिवार के मतदाताओं के साथ मतदान अवश्य करें।

## दो दिवसीय शिविर का शुभारम्भ

**अजमेर, (निसं)।** श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन पर्व पर दिनांक 18 व 19 अप्रेल 2024 प्रातः 9 से 12 बजे तक, मणीपुंज सेवा संस्थान, बी.के.कौल नगर, अजमेर में दो दिवसीय निःशुल्क एक्यूप्रेशर, रेकी चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी शिविर का आज शुभारम्भ हुआ।

# युवा मतदाता तय करेंगे हार-जीत का फैसला

**मकराना, (निसं)।** नागौर.लोकसभा का चुनाव देश भर में अपनी विशेष पहचान रखने वाली नागौर लोकसभा सीट पर अब भाजपा की ज्योति मिर्धा से आरएलपी के हनुमान बेनीवाल का सीधा मुकाबला होता नजर आ रहा है।

भाजपा ने हर बार की तरह इस बार भी नागौर सीट पर प्रत्याशी बदलते हुए दोबार लोकसभा एक बार विधान सभा का लगातार तीन बार चुनाव हारी कांग्रेस से आई ज्योति मिर्धा पर दांव खेला है तो कांग्रेस ने आरएलपी के साथ गठबंधन करके हनुमान बेनीवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में नागौर सीट पर भाजपा एवं आरएलपी-कांग्रेस का मुकाबला रौचक हो गया है।हनुमान बेनीवाल ने अब देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राजाराम मील के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की।राजस्थान में आरएलपी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल नागौर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार है और उन्हें कांग्रेस का समर्थन है। लेकिन बेनीवाल लगातार जाट नेताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि बेनीवाल स्वयं को ही जाट समुदाय का सबसे बड़ा नेता समझते हैं। बेनीवाल के इस रवैये से ही नागौर के कांग्रेस नेताओं ने भी भाजपा की प्रत्याशी ज्योति मिर्धा को समर्थन देने की घोषणा कर दी है। हाल ही में एक चुनावी सभा में बेनीवाल ने देश के उपराष्ट्रपति और जाट समुदाय में सम्मान रखने वाले जगदीप धनखड़ पर भी अभद्र टिप्पणी की। बेनीवाल का कहना रहा कि धनखड़ भले ही देश के उपराष्ट्रपति हो, लेकिन वे सरपंच का चुनाव नहीं जीत सके। इतना ही नहीं बेनीवाल ने राजाराम मील को लेकर भी अनेक अभद्र टिप्पणियां की। बेनीवाल ने कहा कि मील अपने निजी स्वार्थों के खातिर कभी वसुंधरा राजे (पूर्व मुख्यमंत्री) तो कभी अशोक गहलोत के पास चले जाते हैं। जानकारों का मानना है कि बेनीवाल जाट समुदाय के नेताओं के खिलाफ जो अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे है,फिर भी जाट समाज हनुमान बेनीवाल को ही अपना नेता मान रहे है ।अब देखना ऊंट करवट किधर बदलता है ये भविष्य के गर्भ मे है क्योंकि नागौर लोक सभा क्षेत्र के जाट समाज के मतदाता खुलकर सामने नहीं आ रहे है इधर जायें या उधर जायें कि असमंजस कि स्थित मे है राजनितिक के विश्लेषण के अनुसार 70 प्रतिशत बेनीवाल के पक्ष मे वहीं मिर्धा के समर्थन मे 30 परतिशत है ओबीसी का 80 प्रतिशत भाजपा कि तरफ झुकाव है जबकि अनुसूचित के मतदाताओ मे बिखराव है। जातिगत समीकरण के मुताबिक दोनो मे कांटे कि टक्कर मानी जा रही है प्रत्याशी ज्योति मिर्धा की जीत आसान हो रही है। ज्योति मिर्धा किसी पर आरोप लगाने के बजाए अपने भाषणों में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर वोट मांग रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने जिस प्रकार नागौर की सीट समझौते में आरएलपी को दी उससे नागौर के कांग्रेस के नेता भी नाराज हैं। आठ में से चार विधायक कांग्रेस के होने के बाद भी नागौर की सीट पर कांग्रेस का चुनाव न लड़ना कांग्रेस के नेताओं के समझ में नहीं आ रहा। बेनीवाल को समर्थन देने से कांग्रेस के विधायक भी सक्रिय भूमिका नहीं निभा रहे है। कांग्रेस के कई नेताओं के साथ संवाद कायम करने के बजाए बेनीवाल अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे है।

## व्यापार महासंघ की मीटिंग सम्पन्न

**भरतपुर (निस)।** अग्रवाल भवन खिरनी घाट पर भरतपुर व्यापार महासंघ की कोर कमेटी की मीटिंग भगवानदास बंसल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संस्था के महामंत्री सीए अतुल मित्तल ने सभी व्यापारियों से आग्रह किया कि मतदान 19 अप्रेल 2024 शुक्रवार को लोकसभा में अपना सांसद चुनने के लिए सभी व्यापारी मतदान अवश्य करें व लोकतंत्र के पर्व पर अपनी हिस्सेदारी देकर मजबूत करें। सभी व्यापारी बन्धु अपने-2 स्टाफ को भी मतदान अवश्य करने का आग्रह करें। उपाध्यक्ष अनिल लोहिया ने कहा कि व्यापारियों को मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपना प्रतिनिधि चुनें। सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान खोलने से पहले अपना व स्टाफ का मतदान करके ही अपनी दुकानों पर आयें क्योंकि सीजन का टाइम है मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। सभी व्यापारीयों को अपने मतदान से वंचित नहीं होना चाहिये। आज की मीटिंग का संचालन विष्णु लोहिया ने किया। मीटिंग में रघुवीर सिंह टुण्डा, राजेन्द्र सिंघल, हरीमोहन मित्तल, वेद प्रकाश मित्तल, ओमप्रकाश अग्रवाल, गोपी सिंह, भागचंद जैन, तेजवीर सिंह, महावीर सिंह, दिलीप खंडेलवाल, गुलशन सिंह, बंटी व्यास, डॉ. नरेश खत्री आदि मौजूद थे।

# उत्तराखण्ड की तर्ज पर लगाया कचरा पात्र

**भरतपुर (निस)।** समृद्ध भारत अभियान संस्था द्वारा शहर की राजेन्द्रनगर कॉलौनी को आदर्श कॉलौनी बनाने में अगणी भूमिका निभा रही है।

आदर्श कॉलौनी बनाने के कार्य के तहत् उत्तराखण्ड सरकार द्वारा डिजाइन किये गये कचरा पात्र कॉलौनी में अशोक मेटरनिटी होम के पास लगाया गया जिसका उद्घाटन गुरूवार को सेवानिवृत अतिरिक्त कलक्टर राजनारायण शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने की। उद्घाटन के अवसर पर राजनारायण शर्मा ने कहा कि भरतपुर शहर में सफाई व कचरा परिवहन की जिम्मेदारी प्राईवेट कम्पनी को दे रखी है फिर भी शहर के सभी भागों में कचरा संग्रहरण के परम्परागत पात्र होने के कारण इन कचरा पात्रों के आस पास कचरा बिखरा रहता है, जिससे क्षेत्र में गंदगी तो नजर आती है साथ ही पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा डिजाइन किये इस कचरा पात्र में ऐसी समस्या नहीं है बल्कि इसे कचरा गाडी में आसानी से अपलोड किया जा सकता है। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि राजेन्द्रनगर कॉलौनी को संस्था आदर्श कॉलौनी में विकसत करने में सहभागी के रूप में कार्य करेगी। जिसके तहत कॉलौनी के प्रत्येक घर के सामने 3-3 पौधे लगवा दिये है तथा शीघ्र ही कॉलौनी के प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जावेगा। उत्तराखण्ड सरकार की डिजाइन पर लगाये गये कचरा पात्र की तरह अन्य स्थानों पर इसी तरह के कचरा पात्र लगाये जायेंगे जिससे कचरे का सही तरह से निस्तारण हो सके और कॉलोनी साफ सुथरी नजर आये किन्तु इस कार्य में कॉलौनीवासियों की सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर सेवानिवृत अधीक्षण अभियन्ता हेमराज गोयल, सेवानिवृत कर्नल ओमवीर सिंह, पर्यावरण विद बच्चू सिंह वर्मा, सतीश चंद मित्तल, डॉ. विनोद गुप्ता, डॉ अशोक वर्मा, सुरेन्द्र सिंघल, वी.पी. मित्तल, समीक्षा सिंघल, शगुन सिंघल, नरेन्द्र गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकिशन, राजेंद्र शर्मा अदि उपस्थित रहे ।


भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

लोकसभा चुनाव-2024

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

आज मतदान दिवस

शुक्रवार 19 अप्रैल, 2024

सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक

सबसे पहले वोट की बारी, बाकी कामों की फिर तैयारी !




अपील
आपका वोट कीमती है !

प्रिय मतदाता,

हम सोचते हैं कि हमारे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है ? वैसे भी आज मुझे बहुत काम हैं।

लेकिन आपके एक वोट से फर्क पड़ता है !

आपके एक वोट से लोकतंत्र का फैसला प्रभावित हो सकता है। मतदान आपका अधिकार है और कर्तव्य भी ! ध्यान रहे, आज 19 अप्रैल छुट्टी का दिन नहीं है ,लोकतंत्र का महापर्व है! आज सभी के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

आज 19 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अपना अमूल्य मत देना ना भूलें ! सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के साथ शत-प्रतिशत मतदान के लिए हम सभी की सहभागिता आवश्यक है !

गर्मी के इस मौसम में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक early voting करें और जागरूक मतदाता प्रमाण पत्र पाएँ।

घर से निकलकर, प्रसन्न एवं निर्भीक होकर मतदान जरूर करें...

प्रवीण गुप्ता
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान

- प्रत्येक पोलिंग बूथ पर छाया, पानी और सभी सुविधाओं का ध्यान, इस बार मतदान है महा अभियान!

- दिव्यांगजनों हेतु रैंप एवं व्हील चेयर की सुविधा
- दिव्यांगजन के लिए परिवहन सुविधा
- सहायता हेतु प्रशिक्षित वॉलन्टियर्स

- संयुक्त परिवार, नवविवाहित जोड़े, युवा समूह व मतदाताओं द्वारा मतदान की फोटो/सैल्फी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने पर मतदाता डिजिटल प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

चुनी गई सेल्फी को जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा

वोटर आईडी कार्ड या इनमें से किसी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र को दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

| | | |
|---|---|---|
| आधार कार्ड | पैन कार्ड | ड्राईविंग लाइसेंस |
| पासपोर्ट | यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड | मनरेगा जॉब कार्ड |
| स्वास्थ्य बीमा कार्ड | पेंशन दस्तावेज | सेवा पहचान पत्र |
| एनपीआर - आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड | फोटोयुक्त पासबुक बैंक/पोस्ट ऑफिस | एमपी/एमएलए/एमएलसी को जारी आईडी कार्ड |

फोटो अपलोड करने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान
www.ceorajasthan.nic.in

Follow us on: CEORAJASTHAN

राजस्थान संवाद

# मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को रवानगी दी

करौली(नि.स.) लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को राजकीय महाविद्यालय से गुरूवार को रवानगी दी गई इससे पूर्व मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विधानसभावार मतदान दलों को रवानगी के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दल आवंटित मतदान केन्द्र पर पहुंच कर संबंधित आवश्यक कार्य आज ही कर लें और मतदान दिवस के दिन मॉकपॉल निर्धारित समय पर प्रात: 7:00 बजे से मतदान शुरू करवायें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने दलों का सचेत करते हुए कहा ईवीएम मशीन को किसी भी हाल में दल से अलग नहीं किया जाये हर विषम परिस्थियों से निपटने के आश्ययक इंतजाम किये गये है, यहां से रवाना होकर सीधे मतदान केन्द्र पर पहुंचे, रास्ते में चाय-नास्ते के लिए न रूके और न ही मतदान समाप्ति पश्चात रास्ते में ठहराव करें। उन्होंने ईवीएम को लेकर बनने वाले इश्यू के प्रति आगाह करते हुए कहा कि मतदान केन्द्र पर 6 बजे तक मतदान कराना सुनिश्चित करें एवं यदि केन्द्र पर मतदाता मतदान समाप्ति समय पर पहुंचते है तो इन सभी मतदाताओं से मतदान कराने के पश्चात ही केन्द्र से रवानगी ली जाये। उन्होंने कहा कि हालांकि प्रशिक्षण दौरान मतदान कर्मियों को आवश्यक स्थितियों और बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया है लेकिन फिर भी कोई शंका हो तो उसका समाधान आज करके ही प्रस्थान करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दल यह सुनिश्चित करें की सुरक्षित रूप से मतदान केन्द्र पहुंचा जाये और शांतिपूर्ण व विवादरहित मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराकर ईवीएम जमा हो जाये। मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षक महेश बाबू गुप्ता, योगेश गुप्ता, सीताराम खंडेलवाल, मनीष पाठक द्वारा मतदान केन्द्र पर आवश्यक तैयारियों को बताते हुए मॉकपॉल दौरान व मतदान समाप्ति पर बरती जाने सावधानियों से अवगत कराया। इस दौरान संबंधित उपखंड अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर सैक्टर मजिस्ट्रेट को बताने और आवश्यक सहयोग का आश्वासन प्रदान किया। इस दारौन उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजवीरसिंह, सीईओ उदयभानु चारण, एसीएम प्रीति चक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


करौली के राजकीय महाविद्यालय से रवाना होते मतदान दल।

## सातवीं सत्कोसी परिक्रमा 23 अप्रैल

कामां ( निस )। बृज चौरासी कोस के बीच में बनो आपको धाम बृज नगरी कामवन धाम की एक दिवसीय सातवीं सत्कोसी परिक्रमा 23 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 5 बजे प्रारंभ होगी श्री कृष्ण भगवान की क्रीड़ा स्थली आदि वृन्दावन धाम कामवन कामां की एक दिवसीय सप्तकोसी परिक्रमा जो हर महीने की पूर्णिमासी को लगाई जाती है कामवन धाम हमारा आदि वृन्दावन है इस स्वरूप को पुन: लाने का हमारा और आपका यह अनुठा प्रयास है और यह आपका प्रयास कामवन धाम को पुन: वृन्दावन स्वरूप लाने का उद्देश्य से सेवायत आशुतोष कौशिक नूनू पुजारी ने वचन लिया व अमर अरोड़ा रिंकू बंगा राजू अरोड़ा ताराचंद यादव कन्हैया भगत जी भोला बाबा बनवारी सोनी और आप सभी भक्तों के सहयोग से मन्दिर श्री राधाबल्लभ जी से प्रारंभ होकर मदन मोहन जी बाऊजी मोहल्ला वृन्दा देवी से लाल दरवाजा मुख्य बाजार नगर पालिका करतार कालोनी पथवारी मन्दिर से मां कालका जी से डीग रोड़ बालाजी से तीर्थ राज विमल कुण्ड लंका यशोदा पंचवटी रामेश्वर महादेव लुक लुक कुण्ड चरन पहाड़ी से नीचे उतर कर धेरे वाली चामण्ड घिसलनी शीला भोजन थाली से टायरा रोड अनाज मंडी कोसी चौराहे से मन्दिर श्री राधाबल्लभ जी परिक्रमा दोपहर 11 बजे समापन होगी आप सभी भक्तजनों से निवेदन है कि इस परिक्रमा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रद्धालु जुड़े।

## वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखा कर भी कर सकेंगे मतदान

करौली(नि.स.)। लोक सभा आम चुनाव को लेकर जारी दिशा निर्देशों के अनुसार यदि किसी वोटर का नाम मतदाता सूची में दर्ज है लेकिन उसके पास किसी वजह से निर्वाचक फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता इसे प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। उन्होने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड,भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र,राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड के माध्यम से मतदान दिवस 19 अप्रेल को प्रात: 7:00 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

## सार-समाचार

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

भरतपुर (निस)। स्वास्थ्य मंदिर की महिला सेवा इकाई के तत्वाधान में आनंदधाम वृद्ध आश्रम पर बुजुर्गों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इकाई की अध्यक्ष अंजना सोनी ने कहा कि आज सभी बुजुर्गों के साथ बैठकर उनके पूरे इतिहास व उनके बारे में जानकारी प्राप्त की गई। समय की मांग को देखते हुए आज बुजुर्गों की अच्छी देखभाल व दीर्घायु के लिए वृद्ध आश्रम व डे केयर केदो की जरूरत है जहां कई बुजुर्ग एक साथ आपस में रहकर अपने जीवनचार्य व समय को व्यतीत कर सकते हैं। संरक्षक कविता गोयल ने कहा कि स्वास्थ्य मंदिर द्वारा भी वृद्ध आश्रम केंद्र का संचालन किया जा रहा है जहाँ बुजुर्ग रहकर अपना दीर्घायु जीवन प्राप्त कर सकें बुजुर्ग वहां पर योग और प्राकृतिक चिकित्सा की सुविधा भी प्राप्त करने के साथ-साथ बच्चों को भी पढ़ा सकेंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर सचिव शकुन सोनी, डॉ. वीरेंद्र अग्रवाल, सौरभ भातरा ने बुजुर्गों की डायबिटीज ब्लड प्रेशर इत्यादि जांच कर उन्हें परामर्श प्रदान किया।

### राम जन्मोत्सव पर काव्य गोष्ठी संपन्न

गंगापुर सिटी । वैद्य कालोनी स्थित टंकी वाले हनुमान जी पर श्रीराम जन्मोत्सव साहित्य, संगीत व नृत्य के अद्भुत संगम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कवि व्यग्र पाण्डे ने राम नवमी पर राम का अपनी रचना के माध्यम से गुणानुवाद करते हुए कहा कि राम श्वांस है आस है राम सत्य का मर्म, धुरी राम के नाम की, टिका हुआ है धर्म। कृपाशंकर प्रीतम व वासुदेव विप्र ने भी श्रीराम भगवान की यशगाथा पर अपनी रचनाओं के माध्यम से भक्ति भावना व्यक्त की। तत्पश्चात संगीत की प्रोफेसर डा. ज्योति भारती (जयपुर), अंतर्राष्ट्रीय कत्थक नृतक मुरारी सैनी व उनके साथियों ने अपनी नृत्य कला से सभी को आनंद विभोर कर दिया। कार्यक्रम रात्रि 11 बजे तक चला। इस अवसर पर सुदर्शन शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, रमेश गर्ग, प्रहलाद शर्मा, जगदीश तिवारी, शिव कुमार आदि दर्जनों श्रोता ओं की उपस्थिति रही।

### जिला कलेक्टर ने किया मतदान-

भरतपुर ( निस )। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत गुरुवार को डीग की जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से एसडीएम डीग कार्यालय में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिले के सभी पात्र मतदाता आगामी 19 अप्रेल को अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान करते हुए लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में अपना योगदान दें। साथ ही कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे एवं सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र द्वारा प्रदत्त सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने मतदान करने के पश्चात् कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मतदान तिथि 19 अप्रेल, 2024 विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए एक अहम दिन है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मतदान दिवस के दिन लोग अपने-अपने घरों से निकलकर अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर पहुंचे और मतदान करें।

### मांगलिक कार्य शुरू,पहला सावा आज

गंगापुर सिटी । मीन मलमास की समाप्ति के बाद 18 अप्रैल को पहला विवाह मुहूर्त रहेगा। इसके बाद 21, 22, 23 व 26 अप्रैल को विवाह के मुहूर्त रहेंगे। इसी महीने 3० अप्रैल को शुक्र अस्त होने पर फिर से सावों पर प्रतिबंध लग जाएगा, जो तारा उदय होने तक रहेगा। शुक्र अस्त से तीन दिन पहले और शुक्रोदय के तीन दिन बाद तक वृद्धत्व और बाल्यत्व दोष माना जाता हैं। इस वजह से इन दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। आचार्य जमना लाल शर्मा ने बताया कि मई जून में गुरु-शुक्र तारा अस्त होने से 1० मई को अक्षय तृतीया यानि आखा तीज, 16 को जानकी नवमी, 23 को पीपल पूर्णिमा का, 16 जून को गंगा दशमी, 18 जून को निर्जला एकादशी का, जुलाई माह में 11 व 15 जुलाई को भडल्या नवमी,17 जुलाई देवशयनी एकादशी का अबूझ विवाह मुहूर्त रहेगा। इसके बाद 17 जुलाई से देवशयनी के चलते चार माह तक विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी।

### नौ दिवसीय रामायण पाठ सम्पन्न

सरवाड़, (निसं)। चैत्र नवरात्र के मौके पर ग्राम जगपुरा में रामायण पाठ का आज मंत्र उच्चारण के साथ समापन किया गया इस मौके पर ग्रामवासियों द्वारा नौ दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन किया गया था इस दौरान पंडित राजेन्द्र प्रसाद तिवाड़ी व पंडित आशुतोष त्रिपाठी के सानिध्य में हवन पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया जगपुरा में कन्याओं को भोजन करवाकर ग्रामवासियों ने आशीर्वाद लिया वहीं दशमी पर्व धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य पंडित राजेन्द्र प्रसाद तिवाड़ी ने बताया कि नवरात्र में पूजा अर्चना करने से मां भवानी सभी की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण करती है उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम होते रहने चाहिए जिसे प्रगति का उद्धार हो सकें इस दौरान ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मैराथन फोर वोट का आयोजन

ब्यावर, (निसं)। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम गौरव बुडानिया के नेतृत्व में लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो इसके लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मेंगुरुवार को मैराथन फ़ॉर वोट का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे ,स्काउट गाइड एवं कर्मचारी दौड़े।चांगगेट से सहायक स्टेट कमिश्नर स्काउट विमल चौहान एवं थानाधिकारी ब्यावर नाहर सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया।

### आज सवैतनिक अवकाश

करौली (नि.स.) जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि भारत सरकार संशोधन अधिनियम संख्या 21/96 द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में धारा 135 ख के अनुसार आयुक्त ईजीएस ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की पालना में मतदान दिवस 19 अप्रले शुक्रवार जिले के मनरेगा श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# मतदान दलों को रवाना किया

भरतपुर ( निस )। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने कहा कि मतदान दल के सभी कार्मिक आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ कार्य करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए टीम भावना से निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि बनकर चुनाव कार्य को पूरा करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. यादव गुरूवार को एमएसजे कॉलेज में लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण में भरतपुर एवं डीग जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों में रवाना किये गये मतदान दलों के कार्मिकों को सम्बोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संसदीय क्षेत्र में 21 लाख, 14 हजार, 916 मतदाता हैं जिनमें 11 लाख 26 हजार 578 पुरूष मतदाता, 9 लाख 88 हजार 317 महिला मतदाता, 21 ट्रांसजेंडर्स हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कामां में 2 लाख 67 हजार 628 मतदाता, नगर में 2 लाख 49 हजार 738 मतदाता, डीग-कुम्हेर में 2 लाख 56 हजार 668 मतदाता, भरतपुर में 2 लाख 81 हजार 83 मतदाता, नदबई में 2 लाख 91 हजार 926 मतदाता, वैर में 2 लाख 72 हजार 346 मतदाता, बयाना में 2 लाख 66 हजार 481 मतदाता, कठूमर (अलवर) में 2 लाख 29 हजार 46 मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र में 30 सहायक बूथ सहित 2024 मतदान बूथ बनाये गए हैं। जिनमें 334 शहरी क्षेत्र में, 1690 ग्रामीण क्षेत्र में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कामां में 255, नगर में 235, डीग-कुम्हेर में 236, भरतपुर में 253, नदबई में 288, वैर में 260, बयाना में 265 एवं अलवर जिले के कठूमर में 232 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र में 64 महिला कार्मिक प्रबन्धित बूथ, 64 युवा कार्मिक प्रबन्धित बूथ, 8 दिव्यांग प्रबन्धित बूथ, 8 मॉडल बूथ हैं।

## शत प्रतिशत मतदान की ली शपथ


अरांई, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा अराई के सदस्यों ने मतदान शत प्रतिशत कराने हेतु शपथ ली गई राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा अराई के अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण के नेतृत्व में पेंशनर्स और मातृशक्ति को मतदान करने की शपथ दिलाई गई साथ ही अन्य को भी मतदान हेतु प्रेरित करने का आव्हान किया गया। शपथ कार्यक्रम के दौरान मंत्री हनुमान प्रसाद खोरवाल ने 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाताओं को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होने दे और निष्पक्ष मतदान करने के लिए निर्भीक होकर मतदान में भाग लेवे। इस दौरान अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण, मंत्री हनुमान प्रसाद खोरवाल, रामगोपाल वैष्णव, नाथू लाल शर्मा, गजानंद, राकेश, हीरालाल गुर्जर, नेमीचंद पवार, हीरा देवी, मीना देवी व प्रेम देवी सहित पेंशनरों ने शपथ ग्रहण में भाग लिया ।

# छप्पन भोग और फूल मंगला झांकी का हुआ आयोजन

करौली (नि.स.)। होली खिड़कियां स्थित मंदिर श्री सीताराम जी में रामनवमी के अवसर पर माली समाज की ओर से 56 भोग और फूल बंगला झांकी का आयोजन किया गया।

पंडित राजेंद्र प्रसाद ने विधि विधान से भगवान राम का जन्म उत्सव की पूजा अर्चना संपन्न कराई उसके उसके बाद भगवान राम लक्ष्मण सीता मैया के जगमोहन में छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी सजाई गई।

मंदिर भगवान राम के विग्रह का पंडित शिवकिशोर गोस्वामी के द्वारा पंचामृत से अभिषेक कर विशेष पोशाक धारण कराई एवं सामूहिक रूप से आरती की गई उसके बाद दोपहर 3:00 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक भक्तों ने मंदिर में छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी के दर्शन किए वहीं मंदिर में आयोजन कमेटी की ओर से भक्तों को प्रसादी वितरित की गई।


करौली के सीता रामजी मंदिर मे सजी छप्पन भोग कि झांकी।

# श्रीराम शोभायात्रा आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया

गंगापुर सिटी । रामनवमी के अवसर पर 17 अप्रेल को गंगापुर सिटी में निकाली गई भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा की आयोजन समिति के संयोजक डॉ हेमंत शर्मा, सभापति शिवरतन गुप्ता, खण्ड कार्यवाह डॉ मनोज जैन, एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा, सुरेंद्र मित्तल, पार्षद कमलेश महावर व विहिप के जिला मंत्री मदन मोहन गुप्ता ने सर्व समाज के बंधुओ, युवा साथियों व मातृ शक्ति का शोभायात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।

यात्रा संयोजक डॉ हेमंत शर्मा ने इस यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों व व्यापारिक संगठनों द्वारा यात्रा का स्वागत सत्कार करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। यात्रा में एक दर्जन से अधिक घोडे थे जिन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा पूर्व सैनिक बैठे थे।

इस यात्रा में पांच डीजे और विभिन्न प्रकार की सजीव झांकियां थी । आगरा से आए हुए कुछ कलाकारों ने जिसमें संजीव बाहुबली हनुमान, भोले शंकर और भोलेनाथ के गण भी शामिल थे की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। शोभा यात्रा में आरएसएस विभाग सह कार्यवाह समय सिंह गुर्जर, प्रधान मंजू गुर्जर, जिला प्रचारक दीपक, मिट्ठू सिंह गुर्जर, विहिप के विभाग सेवा प्रमुख भानु पारीक, जिला अध्यक्ष विहिप सन्तोष खेडापति, दीपक नरूका, संजय गोयल, बजरंग दल जिला संयोजक सुरेश गुर्जर , जिला अध्यक्ष शिक्षा समिति नरेन्द्र आर्य, योगेश शर्मा एडवोकेट, सीताराम गुप्ता एडवोकेट, सन्तोष वर्मा एडवोकेट, एससी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू जाटव, उर्मिला गुर्जर, गोरंती मीणा, रिंकू चौहान लक्ष्मण बैरवा जिला सेवा प्रमुख, नीतेश मोदी, भाजपा जिला महामंत्री उदय सिंह गुर्जर, उमेश शर्मा, अनुज शर्मा, पार्षद ओमी कटारिया, विष्णु गुरुजी, विष्णु आइकॉन, धनेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा,अजय सिन्हा सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## कैला देवी मंदिर पर सजा माता का भव्य दरबार

जुरहरा (निस)। बुधवार की रात्रि को कस्बे में कैला देवी मंदिर पर कस्बेवासियों के सहयोग से माता का भव्य दरबार सजाया गया और सैंकड़ो लोगों की उपस्थिति में रामवीर बृजवासी एण्ड पार्टी के कलाकारों के द्वारा देवी के भजनों के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी गईं।

जागरण की खास बात यह रही कि देवी का जगराता गुरुवार की सुबह 6 बजे तक चला। सुबह तक काफी संख्या में माता रानी के भक्त जागरण में डटे रहे। गजेन्द्र बृजवासी एण्ड पार्टी मथुरा के कलाकारों के द्वारा शेरावाली मां की झांकी, राधा-कृष्ण की झांकी, हनुमानजी की झांकी, काली मां की झांकीयों के माध्यम से अपनी मोहक प्रस्तुति दी गईं।

# मतदान जागरूकता पर विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित

भरतपुर (निस)। लोकसभा चुनाव 2024 के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत फ्यूचर पॉइन्ट इंस्टिट्यूट, जयन्ती नगर द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका समापन विजयी प्रतियोगियों को सम्मानित कर किया गया।

मतदाताओ को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रेम सागर सैनी ने प्रथम स्थान, तुषार सिंह द्वितीय स्थान एवं तरुण शर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी कड़ी में स्लोगन प्रतियोगिता में सौरभ जैन प्रथम स्थान, निशा मीना द्वितीय स्थान एवं गगन अग्रवाल तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही प्रश्न प्रतियोगिता में उमा सिंह ने प्रथम स्थान, सारांश शर्मा ने द्वितीय स्थान और तनिष्का सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही विशेष सहभागिता पुरस्कार के लिए स्नेहा भंडारी और संजीव सिंह को चुना गया सभी विजयी प्रतियोगियों को संस्था की ओर से प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। संस्था निर्देशक पवन पाराशर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए।

संस्था द्वारा एक प्रेरणादायक पहल भी की गई जिसके अंतर्गत जो युवा युवती प्रथम बार अपने मतदान का प्रयोग कर रहा है वह अपनी उंगली पर स्याही का चिन्ह दिखाकर संस्था में 45 दिन का कंप्यूटर प्रशिक्षण बिल्कुल नि:शुल्क कर सकता है।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप आज करेगा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

गंगापुर सिटी । भगवान महावीर जयंती के अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा वर्धमान हॉस्पिटल में शुक्रवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। रक्तदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे प्रारंभ हो जाएगी। शिविर में रक्त स्थानीय सी पी ब्लड बैंक द्वारा संग्रहित किया जाएगा जो कि जरूरतमंद के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के प्रवक्ता एवं राजस्थान रीजन के उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि शिविर मैं अधिक से अधिक रक्तदान करवाने के लिए रक्तदान शिविर संयोजक, धर्मेंद्र निशा पांड्या, पंकज प्रिया जैन पांड्या, अभिनंदन सुनीता जैन, योगेंद्र पिंकी जैन, वीरेंद्र प्रीति जैन एवं सौरभ उर्वशी गंगवाल विकास जैन अंकेश जैन की के के जैन सौरव गंगवाल पप्पू कासलीवाल प्रवीण गंगवाल ग्रुप के अध्यक्ष विमल जैन गोधा महामंत्री डॉक्टर मनोज जैन सुलेखा जैन देवेंद्र जैन आलोक जैन राजेंद्र गंगवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने रक्तदाताओं से संपर्क कर रक्तदान के लिए संकल्प पत्र भरवाए। इस अवसर पर ग्रुप के अध्यक्ष विमल जैन गोधा एवं महामंत्री डॉ मनोज जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को ग्रुप की ओर से स्मृति चिन्ह के रूप में मिल्टन वॉटर कैंपर एवं दीवार घडी भेंट की जाएगी एवं सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। आज ग्रुप के पदाधिकारीओ ने गंगापुर सिटी शहर के सभी सामाजिक संगठन भारत विकास परिषद, अपना अगर सेवा समिति मानव सेवा संस्थान लायंस क्लब, रेलवे के कर्मचारी संगठन, डॉक्टर्स संगठन, फार्मासिस्ट एसोसिएशन, व्यापार मंडल, श्याम सखा मंडल, अंतराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी को एवं शहर के जाने-माने समाजसेवी सी एल सैनी राजीव पल्लीवाल रीना पल्लीवाल दीपक नरूका नगर परिषद के सभापति शिव रतन अग्रवाल श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष रितेश पल्लीवाल, सहित विभिन्न गणमान्यों व समाजसेवियों को आमंत्रित किया है। ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण जैन गंगवाल नरेंद्र जैन निलेश जैन ग्रुप अध्यक्ष विमल जैन गोधा डॉ मनोज जैन डॉक्टर सुलेखा जैन ने शिविर स्थल वर्धमान हॉस्पिटल में आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन करते जैन समाज के पदाधिकारी।

## मतदान के दौरान मोबाइल फोन पर रहेगा पूर्णतया प्रतिबंध

नागौर, (निसं)। मतदान पश्चात सोशल मिडिया पर एवं बैलेट यूनिट की फोटो प्रचारित / प्रसारित करना विधि के प्रावधानों के विपरीत है। जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार पुरोहित ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान, के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 130 के अनुसरण में आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षको और अधिकृत चुनाव / पुलिस अधिकारियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को मतदान केन्द्र के भीतर या मतदान केन्द्र के आस-पड़ोस से 100 मीटर की परिधि में मोबाईल फोन/वायरलेस सेट आदि ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 130 के अधीन दण्डनीय अपराध संज्ञेय है। जिसमें प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवायी जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक प्रतिनिधत्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अनुसार कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किये गये समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टो की कालावधि के दौरान चल चित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य सूत्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा। उक्त धारा का उल्लंघन करने पर 02 वर्ष तक कारावास या जुर्माने से, या दोनो से, दण्डनीय होगा।

# उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

भरतपुर (निस)। भरतपुर लोकसभा क्षेत्र का मतदान 19 अप्रैल को आज होगा। मतदाता भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के छ उम्मीदवारों में से एक उम्मीदवार का चयन करेंगे। आज शुक्रवार को भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के 21 लाख 14 हजार 916 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जिला निर्वाचन विभाग एवं पुलिस प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव कराने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की संजना जाटव व भाजपा के रामस्वरूप कोली के बीच कडा मुकाबला रहने की उम्मीद मानी जा रही है।

भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार छ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिसमें राजनीतिक दलों के तीन उम्मीदवार भाजपा से पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, कांग्रेस से संजना जाटव एवं बसपा से अंजला जाटव प्रमुख रूप से चुनाव लड रही हैं। जिनमें से कांग्रेस एवं भाजपा के उम्मीदवारों ने इस चुनाव में अपना पूरी तरह से दमखम दिखाया है। शुक्रवार को इनके भाग्य का फैसला, वोटर्स ईवीएम में कैद कर देंगे। इस चुनाव में इस बार बडे स्तर के राष्ट्रीय पार्टी के बडे लीडर नहीं आए हैं। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी सहित अनेक प्रमुख नेता भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में चुनाव प्रचार कर चुके है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भरतपुर संभाग के करौली, धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में करौली में चुनावी सभा को सम्बोधित कर चुके हैं। जबकि अमित शाह एवं अन्य नेता भी अन्य लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार को आए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अनेक राष्ट्रीय नेता भरतपुर में चुनाव प्रचार में आए थे।

कांग्रेस के उम्मीदवार संजना जाटव के समर्थन में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट एवं केन्द्रीय नेता भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रदेश प्रभारी सुखविन्दर सिंह रंधावा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह चुनाव की सभाओं को सम्बोधित कर चुके हैं। सचिन पायलट का दूसरे दौर में गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र बयाना विधानसभा क्षेत्र में आने की संभावना थी। लेकिन वे नहीं आ पाए। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे सहित अनेक राष्ट्रीय नेता भी भरतपुर क्षेत्र में नहीं आए।

राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का गृह जिला भरतपुर होने से यह चुनाव भी प्रतिष्ठा का चुनाव हो गया है। भाजपा ने इस चुनाव को जीतने के लिए पूरी ताकत लगाई है। जबकि कांग्रेस के पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने बागडोर संभाल कर चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को सशक्त बनाने का कार्य किया है।

## विश्व धरोहर संरक्षण दिवस मनाया

अजमेर, (कासं)। विश्व विरासत दिवस पर गुरुवार को अजमेर राजकीय संग्रहालय में आम पर्यटकों के साथ ही स्कूली विद्यार्थियों को निशुल्क प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर बच्चों ने संग्रहालय में रखी भारतीय विरासत को देखा और जानकारी ली।

राजकीय संग्रहालय के प्रतिनिधियों ने बताया कि गुरुवार को विश्व धरोहर संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अजमेर के राजकीय ऐतिहासिक संग्रहालय में पर्यटकों के साथ ही आमजन व बच्चों का प्रवेश नि:शुल्क रहा। उन्होंने बताया कि देश में कई ऐतिहासिक इमारत है जोकि अपना इतिहास समेटे हुए हैं। इन सभी इमारत को किस तरह से सुरक्षित रखा जाए और यहां किस तरह से साफ सफाई रखी जाए। इसे लेकर भी विश्व धरोहर दिवस पर आमजन व स्कूली बच्चों को जागरूक करते हुए जानकारी दी। कई स्कूली बच्चों ने ऐतिहासिक पुरामहत्व की वस्तुओं देखा, साथ ही बच्चों के विभिन्न दिशा निर्देश भी दिए गए। जिससे कि वह किसी भी धरोहर पर पहुंचे तो वहां साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखें। इस मौके पर अजमेर संग्रहालय प्रशासन की ओर से रंगोली बनाकर पर्यटक और आगंतुकों का स्वागत भी किया गया। अजमेर सरकारी संग्रहालय की स्थापना अक्टूबर 1908 में लॉर्ड कार्सन और भारत में पुरातत्व के तत्कालीन महानिदेशक सर जॉन मार्शल की पहल के तहत की गई थी।

